# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.04.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- सरकार ने कहा – बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभाव से राष्ट्रीय स्तर पर लिंगानुपात बढ़कर 930 हो गया है।
- लिटिल अंडमान के रवींद्र नगर में नवनिर्मित कृषि उप–डिपो की स्थापना की गई है।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में वैट आयुक्तालय ने ऑनलाइन वैट पोर्टल विकसित किया है।
- होपटाउन पंचायत में आर सेती द्वारा आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभाव से राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंगानुपात, वर्ष 2014–15 में 918 से बढ़कर वर्ष 2023–24 में 930 हो गया है। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में महिला और बाल विकास मंत्री, अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बाल लिंगानुपात में कमी और महिला सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों को हल करने के लिए वर्ष 2015 में इस योजना की शुरुआत की गई थी। उन्होंने कहा कि माध्यमिक स्तर पर विद्यालयों में बालिकाओं का नामांकन अनुपात, वर्ष 2014–15 में लगभग 75 प्रतिशत से बढ़कर 2023–24 में 78 प्रतिशत हो गया है।

<><><><><><><>

डॉ. पूनम गुप्ता को भारतीय रिजर्व बैंक का डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया गया है। वे नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च, नई दिल्ली में महानिदेशक पद पर कार्यरत थीं। उन्होंने तीन वर्ष के लिए रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर का कार्यभार संभाला है। यह पद माइकल देबब्रत पात्रा के इस वर्ष जनवरी में इस्तीफा देने के बाद से रिक्त था।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के रवींद्र नगर में नवनिर्मित कृषि उप–डिपो की स्थापना की गई है। उप–डिपो का उद्घाटन कृषि आयुक्त–व–सचिव एस पी एस रविप्रकाश ने किया। उप–डिपो गांव के 300 से अधिक किसानों की जरूरतों को पूरा करेगा, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण सब्जी के बीज, जैविक इनपुट तक पहुंच प्राप्त होगी और किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और आवश्यक जानकारी, सलाह के प्रसार और सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देने का केंद्र भी बनेगा। कृषि आयुक्त–व–सचिव ने समारोह में उपस्थित पीआरआई और किसानों के साथ बातचीत भी की। लिटिल अंडमान के कृषि सहायक निदेशक ने बताया कि कृषि निदेशालय में बीज और अन्य इनपुट की खरीद प्रक्रियाधीन है और खरीफ सीजन तक इसकी आपूर्ति कर दी जाएगी। रवींद्र नगर के पीआरआई सदस्यों ने किसानों को कृषि में ड्रोन के उपयोग पर प्रशिक्षण देने का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में मसाला उत्पादन को बढ़ावा देने और विदेशी मुद्रा बचाने के उद्देश्य से केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा एक वर्चुअल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि सचिव पल्लवी सरकार ने मसाला उत्पादन और निर्यात की संभावनाओं पर जोर देते हुए संस्थान के प्रयासों की सराहना की। क्यारी के निदेशक डॉ. ई बी चाकुरकर ने मसाला फसलों के द्वीपीय कृषि में महत्व और उनके स्थानीय किसानों एवं व्यापारियों के जीवन–यापन में योगदान को रेखांकित किया। कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजीत अरूण वामन ने उच्च गुणवत्ता वाले मसाला उत्पादन की स्थिति और संभावनाओं पर प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आर प्रवीणा, मसाला विकास निदेशालय के निदेशक होमि चेरियन, भारत सरकार की शोध निदेशक रीमा श्री और कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने मसाला निर्यात से जुड़े मुद्दों और निर्यातकों को प्रोत्साहित करने की पहल की चर्चा की।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह मूल्य वर्धित कर विनियमन, 2017 के प्रावधानों के अनुसार, वैट आयुक्तालय ने ऑनलाइन वैट पोर्टल विकसित किया है। यह पोर्टल विनियमन के तहत पंजीकृत डीलरों द्वारा मासिक कर प्रेषण और त्रैमासिक वैट रिटर्न समय पर जमा करने की सुविधा के लिए स्थापित किया गया है। ई–फाइलिंग में अनिवार्य परिवर्तन एक अप्रैल से लागू हो गया है। सभी वैट–पंजीकृत डीलरों को पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करने और लागू नियमों के तहत अधिसूचित निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने कर बकाया और रिटर्न को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से जमा करने का निर्देश दिया गया है। सभी पंजीकृत डीलरों से इस निर्देश का सख्ती से पालन करने का अनुरोध किया गया है। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए वैट के कम्प्यूटरीकरण के नोडल अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

होपटाउन पंचायत में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रूरल सेल्फ एम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की पैंतीस महिलाओं ने भाग लिया। समापन समारोह में होपटाउन पंचायत की प्रधान रशीदा बीबी, पंचायत समिति सदस्य बी. लक्ष्मीनारायण उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक पी के उमर फारूख ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए इस प्रशिक्षण का उपयोग करने की सलाह दी और पंचायत क्षेत्र में पर्यटकों के लिए बिक्री केन्द्र आवंटित करने का अनुरोध किया, जिससे ये महिलाएं अपने उत्पादों को बेचकर आय अर्जित कर सके। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। समापन अवसर पर आर सेती के निदेशक सी. राज ने कहा–

**<><><><><><><>**

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से कल नेताजी स्टेडियम खेल परिसर में और जे एन आर एम फुटबॉल मैदान में आयोजित होने वाले फुटबॉल और वॉलीबॉल टूर्नामेंट–2025" को स्थगित कर दिया गया है। अब इस टूर्नामेंट का आयोजन अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में किया जाएगा।

**<><><><><><><>**

एयर ब्रेक स्वीच के तत्काल रखरखाव और गाराचरमा में क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों को बदलने के कार्य के कारण कल टाइगर और आउटर फीडर के साथ गाराचरमा फीडर से बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में गाराचरमा एजेंसी हाउस, डॉलीगंज, अट्टम पहाड़, पुराना पहाड़गांव और मिनी बे के कुछ क्षेत्र शामिल हैं। कटौती कल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर दो बजे तक होगी।

**<><><><><><><>**

प्रातरापुर के पुलिस फायरिंग रेंज में बर्निंग पिट द्वारा अंडमान निकोबार पुलिस से संबंधित नौ सौ नौ पुराने स्टॉक टियर स्मोक म्यूनिशन का निपटान किया जाएगा। इस सिलसिले में रविवार को छोड़कर सात अप्रैल से दो मई तक सुबह छः बजे से दोपहर बारह बजे तक अभ्यास किया जाएगा। विभाग ने बर्ड लाइन और प्रातरापुर क्षेत्र के निवासियों से अपने मवेशियों को निर्धारित तिथि में फायरिंग रेंज से दूर रखने की सलाह दी है।

**<><><><><><><>**

द्वीपसमूह के अधिकांश भागों में भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक लांग आइलैंड में चौवन मिलीमीटर, ननकौड़ी में तिरपन, श्री विजयपुरम में अड़तालीस दशमलव तीन, मायाबंदर में चालीस दशमलव चार और हटबे में तैंतीस दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। कल के लिए मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के एकाध भागों में गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को छः से आठ अप्रैल तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><><>**